उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

संख्या-2321/2024–25 देहरादूनः दिनांक 27 फरवरी, 2025

।। विज्ञप्ति ।।

परीक्षा केन्द्र स्थल रिजर्व पुलिस लाईन चम्बा, नई टिहरी गढ़वाल में पुलिस आरक्षी के पदों हेतु आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थियों को अतिरिक्त दिवस दिये जाने के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 24.02.2025 से विभिन्न जनपदों में उत्तराखण्ड पुलिस विभाग के अंतर्गत आरक्षी जनपदीय पुलिस(पुरूष) एवं आरक्षी पी.ए.सी./आई.आर.बी.(पुरूष) के पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा संचालित की जा रही है।

उक्त कम में जनपद टिहरी गढ़वाल में दिनांक 24.02.2025 से दिनांक 27.02.2025 शारीरिक दक्षता परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो चुकी है।

उल्लिखित तिथियों में शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा के दौरान अपरिहार्य कारणों यथा बीमारी, कैजुअल्टी व शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि में कोई अन्य परीक्षा होने व अन्य पुष्ट कारणों से अनुपस्थित अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पुलिस लाईन चम्बा, टिहरी गढ़वाल में शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग किये जाने हेतु दिनांक 28.02.2025 अतिरिक्त दिवस प्रदान किया जा रहा है।

अतः ऐसे अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु पूर्व निर्गत प्रवेश पत्र के साथ दिनांक 28.02.2025 को अपने मेडिकल/फिटनेस प्रमाण पत्र, अनुपस्थित होने का वैध कारण व पुष्ट साक्ष्यों के साथ परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

-Sd-
(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव